# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 7.8.22 | 10 | 5-8 |

# गृह विज्ञान कॉलेज में सांस्कृतिक संध्या आयोजित

- कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा विद्यार्थी सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी ले भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸। हिसार




हिसार। कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह . विज्ञान महाविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या-द्यफेमिनिन फ्यूजनद्ध का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेषरूप से गृह विज्ञान महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा 2021-22 सत्र की नवांगतुक छात्राओं के स्वागत में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया और दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को अपने सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा स्कूली जीवन से कॉलेज जीवन में पदार्पण करने पर विद्यार्थियों में बहुत बदलाव आते हैं जो उन्हें परिपक्वता की ओर ले जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत तथा समय का सदुपयोग करें और माता-पिता, गुरूओं व संस्थान का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा वे भाग्यशाली हैं कि उन्हे गृह विज्ञान शिक्षा में देश में अग्रणी शिक्षण संस्थानों में शामिल इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है जिसका उन्हे पूरा लाभ उठाना चाहिए। इससे पूर्व गृह विज्ञान महाविद्यालय की डीन डॉ. मंजु महता ने नवागंतुक छात्राओं का महाविद्यालय में पदार्पण करने पर स्वागत किया। उन्होंने गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा हाल ही में अर्जित की गई उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने सोलो डांस, गुरप डांस, गुरप सॉग , राजस्थानी डांस, पंजाबी डांस, रैंप वॉक आदि मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने विभन्नि प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और प्रथम वर्ष की छात्राओं का प्रदर्शन देखते हुए उन्हे पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 7.8.22 | 4 | 2-6 |


# हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनें लोग

## चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर बोले, पर्यावरण की सुरक्षा जरूरी



एचएयू में मुख्यातिथि रणबीर गंगवा विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होते हुए। • एचएयू

जागरण संवाददाता, हिसार: हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने हरियाणा वासियों से हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनकर देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहूति देने वाले बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया है जिसमें प्रत्येक प्रदेशवासी को सम्मानपूर्वक अपने घर पर तिरंगा लगाना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी यह जान सके कि देश को आजादी कितनी कुर्बानियों व कठिन प्रयासों से मिली है। गंगवा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बने और उन्होंने विश्वविद्यालय के नर्मदा और यमनोत्री महिला छात्रावासों के परिसरों में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर लोगों से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की भी अपील की। उन्होंने कहा पेड़ों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। अध्यक्षता कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने की। उन्होंने कहा 12 अगस्त को तिरंगा रैली में यह विश्वविद्यालय भी भाग लेगा।

### गांव किरतान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

जासं, हिसार: नेहरू युवा केंद्र एव आजाद हिंद युवा क्लब द्वारा शनिवार को गांव किरतान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। नेहरू युवा केंद्र के प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जानकारी दी गई। सिलोचना, मुकेश कुमारी, सरस्वती, अंगुरी, कविता, पुनम, उषा, प्रिती, प्रिंस, फतेह सिंह, दीपीका, प्रियंका, प्रोमिल आर्य आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 7.8.22 | 4 | 3-5 |

# एचएयू के गृह विज्ञान कालेज में सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति की दिखाई झलक

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या-फैमिनिन फ्यूजन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गृह विज्ञान महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा 2021-22 सत्र की नवागंतुक छात्राओं के स्वागत में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया और दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा स्कूली जीवन से कालेज जीवन में पदार्पण करने पर विद्यार्थियों में बहुत बदलाव आते हैं जो उन्हें परिपक्वता की ओर ले जाते हैं। उन्होंने कहा वे भाग्यशाली हैं कि उन्हें गृह विज्ञान शिक्षा में देश में अग्रणी शिक्षण संस्थानों में शामिल इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है जिसका उन्हें पूरा लाभ उठाना चाहिए। इससे पूर्व गृह विज्ञान महाविद्यालय की डीन डा. मंजू महता ने नवागंतुक छात्राओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, गुरप सांग, राजस्थानी डांस, पंजाबी डांस, रैंप वाक आदि मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और प्रथम वर्ष की छात्राओं का प्रदर्शन देखते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया।




कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं • एचएयू

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 7.8.22 | 3 | 1-4 |

• गृह विज्ञान कॉलेज में सांस्कृतिक संध्या- 'फैमिनिन फ्यूज़न' का आयोजन

## लक्ष्य पाने के लिए करें मेहनत तथा समय का सदुपयोग होः प्रो. काम्बोज

**सिटी रिपोर्टर** • चौधरी चरण चरण हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या- 'फैमिनिन फ्यूज़न' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विशेषरूप से गृह विज्ञान महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा 2021-22 सत्र की नवागंतुक छात्राओं के स्वागत में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।




इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को अपने सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा स्कूली जीवन से कालेज जीवन में पदार्पण करने पर विद्यार्थियों में बहुत बदलाव आते हैं जो उन्हें परिपक्वता की ओर ले जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत तथा समय का सदुपयोग करें और माता-पिता, गुरुओं व संस्थान का नाम रोशन करें। इससे पूर्व गृह विज्ञान महाविद्यालय की डीन डॉ. मंजु महता ने नवागंतुक छात्राओं का विश्वविद्यालय में पदार्पण करने पर स्वागत किया। उन्होंने गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा हाल ही में अर्जित की गई उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, ग्रुप सॉंग, राजस्थानी डांस, पंजाबी डांस, रैंप वॉक आदि मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और प्रथम वर्ष की छात्राओं का प्रदर्शन देखते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 7.8.22 | 4 | 3-4 |

## कनिष्ठों के स्वागत में दी प्रस्तुति



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या-'फैमिनिन फ्यूजन' का आयोजन किया गया। स्नातक पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने 2021-22 सत्र की नवागंतुक छात्राओं के स्वागत में यह आयोजन किया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में बहुत बदलाव आते हैं। गृह विज्ञान महाविद्यालय की डीन डॉ. मंजू महता ने महाविद्यालय की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। छात्राओं ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, ग्रुप सांग, राजस्थानी डांस, पंजाबी डांस, रैंप वॉक आदि मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 7.8.22 | 10 | 4-8 |

### ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का भी किया आह्वान

# हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बने प्रदेशवासी

■ आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने हरियाणा वासियों से हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनकर देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया है जिसमें प्रत्येक प्रदेशवासी को संमानपूर्वक अपने घर पर तिरंगा लगाना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी यह जान सके कि देश को आजादी कितनी कुर्बानियों व कठिन प्रयासों से मिली है। इससे उन्हे तिरंगे की आन-बान-शान बनाए रखने का संदेश मिलेगा।



हिसार। मुख्यातिथि रणबीर गंगवा विश्वविद्यालय के नर्मदा और यमनोत्री महिला छात्रावास परिसरों में पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गंगवा शनिवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। वह विश्वविद्यालय में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बने और उन्होंने विश्वविद्यालय के नर्मदा और यमनोत्री महिला छात्रावासों के परिसरों में पौधरोपण भी किया।

उन्होंने इस अवसर पर लोगों से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की भी अपील की। उन्होंने कहा पेड़ों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इनसे हमें केवल ऑक्सीजन ही नहीं मिलती अपितु यह ईंधन व भवनों के लिए लकड़ी उपलब्ध कराने के साथ भूमि की गुणवत्ता को सुधारने व वर्षा कराने में भी बहुत सहायक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। उन्होंने कहा 12 अगस्त को प्रदेशभर में आयोजित होने वाली तिरंगा रैली में यह विश्वविद्यालय बढ़ चढ़कर भाग लेगा। उन्होंने कहा हमारा राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, प्रगति और शान्ति का प्रतीक है। उन्होंने विशेषकर युवाओं से आह्वान किया कि वे तिरंगे के इतिहास को जाने कि कितनी कुर्बानियों व कठिन प्रयासों के बाद हमें अपना राष्ट्रीय ध्वज लहराने का अवसर मिला है। उन्हे अपने पूर्वजों की कुर्बानियों को याद रखते हुए तिरंगे की गरिमा को बनाए रखना चाहिए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 7.8.22 | 5 | 4-5 |

## विद्यार्थी सर्वांगीण विकास हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी लें भाग : प्रो. काम्बोज

हिसार, 6 अगस्त (विरेंद्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या-फैमिनिन फ्यूज़न का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेषरूप से गृह विज्ञान महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा 2021-22 सत्र की नवांगतुक छात्राओं के स्वागत में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया और दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी।

इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को अपने सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा स्कूली जीवन से कालेज जीवन में पदार्पण करने पर विद्यार्थियों में बहुत बदलाव आते हैं जो उन्हें परिपक्वता की ओर ले जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत तथा समय का सदुपयोग करें और माता-पिता, गुरुओं व संस्थान का नाम रोशन करें। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और प्रथम वर्ष की छात्राओं का प्रदर्शन देखते हुए उन्हे पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 7.8.22 | 5 | 7-8 |

## गृह विज्ञान कॉलेज में सांस्कृतिक संध्या आयोजित



कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं।

हिसार, 6 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या-'फैमिनिन फ्यूज़न' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेषरूप से गृह विज्ञान महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा 2021-22 सत्र की नवागन्तुक छात्राओं के स्वागत में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, ग्रुप सॉंग , राजस्थानी डांस, पंजाबी डांस, रैंप वॉक आदि मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 7.8.22 | 2 | 7-8 |

## शहीदों को श्रद्धांजलि देने का आह्वान



**हिसार।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बन कर शहीदों को श्रद्धांजलि देने का आह्वान किया। 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया। गंगवा शनिवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस मौके पर नर्मदा और यमनोत्री महिला छात्रावासों में पौधरोपण किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि 12 को प्रदेशभर में आयोजित होने वाली तिरंगा रैली में विश्वविद्यालय भाग लेगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संजय एलावादी ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 06.08.2022 | --- | --- |

# हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बने प्रदेशवासी : डिप्टी स्पीकर

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में हुए शामिल



चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने हरियाणा वासियों से हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनकर देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया है जिसमें प्रत्येक प्रदेशवासी को सम्मानपूर्वक अपने घर पर तिरंगा लगाना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी यह जान सके कि देश को आजादी कितनी कुर्बानियों व कठिन प्रयासों से मिली है। इससे उन्हें तिरंगे की आन-बान-शान बनाए रखने का संदेश मिलेगा।

श्री गंगवा आज यहां चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। वह विश्वविद्यालय में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बने और उन्होंने विश्वविद्यालय के नर्मदा और यमुनोत्री महिला छात्रावासों के परिसरों में पौधारोपण भी किया। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की भी अपील की। उन्होंने कहा पेड़ों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। उन्होंने कहा बुद्धिजीवियों को प्रत्येक मुहिम चाहे वह वृक्षारोपण हो या हर घर तिरंगा, में समाज का नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा 12 अगस्त को प्रदेशभर में आयोजित होने वाली तिरंगा रैली में यह विश्वविद्यालय बढ़ चढ़कर भाग लेगा। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर सहित इसके सभी बाहरी केन्द्रों से शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा हर घर तिरंगा अभियान के पीछे का विचार लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूक करना और लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना है। उन्होंने कहा हमारा राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, प्रगति और शान्ति का प्रतीक है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 6.8.2022 | -- | -- |

# फैमिनिन फ्यूजन में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा, नवागंतुक विद्यार्थियों का किया स्वागत



हिसार/ 06 अगस्त/ रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या फैमिनिन फ्यूजन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेषरूप से गृह विज्ञान महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा 2021-22 सत्र की नवागंतुक छात्राओं के स्वागत में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया और दर्शकों की प्रशंसा बटोरी। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा विद्यार्थियों को अपने सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा स्कूली जीवन से कॉलेज जीवन में पदार्पण करने पर विद्यार्थियों में बहुत बदलाव आते हैं जो उन्हें परिपक्वता की ओर ले जाते हैं। इससे पूर्व गृह विज्ञान महाविद्यालय की डीन डॉ. मंजु महता ने नवागंतुक छात्राओं का विश्वविद्यालय में पदार्पण करने पर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, ग्रुप सॉन्ग, राजस्थानी डांस, पंजाबी डांस, रैंप वॉक आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और प्रथम वर्ष की छात्राओं का प्रदर्शन देखते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 6.8.2022 | -- | -- |

# चौ.च.सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान कॉलेज में सांस्कृतिक संध्या आयोजित

समस्त हरियाणा ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या 'फिएस्टिना प्रदर्शन' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा 2021-22 बैच की नवागंतुक छात्राओं के स्वागत में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का खूब प्रदर्शन किया और दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को अपने सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना




चाहिए। उन्होंने कहा मनुष्य जीवन में कॉलेज जीवन में पदार्पण करने पर विद्यार्थियों में बहुत बदलाव आते हैं जो उन्हें परिपक्वता की ओर ले जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत तथा समय का सदुपयोग करें और माता-पिता, गुरुजनों व संस्थान का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा वे भाग्यशाली हैं कि उन्हें गृह विज्ञान शिक्षा में देश में अग्रणी शिक्षण संस्थानों में शामिल इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है जिसका उन्हें पूरा लाभ उठाना चाहिए। इससे पूर्व गृह विज्ञान महाविद्यालय की डीन डॉ. मंजू मेहता ने नवागंतुक छात्राओं का विश्वविद्यालय में पदार्पण करने पर स्वागत किया। उन्होंने गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा हाल ही में अर्जित की गई उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, ग्रुप सॉन्ग, राजस्थानी डांस, पंजाबी डांस, रैंप वॉक आदि मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और प्रथम वर्ष की छात्राओं का प्रदर्शन देखते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज | 6.8.2022 | -- | -- |

## चौ.च.सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान कॉलेज में सांस्कृतिक संध्या आयोजित

- कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा विद्यार्थी सर्वांगीण विकास हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी लें भाग

प्रवीन कुमार



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करते हुए।

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या-ऐंबियंस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेषरूप से गृह विज्ञान महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा 2021-22 सत्र की नवागंतुक छात्राओं के स्वागत में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया और दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी।

इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को अपने सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा स्कूली जीवन से कॉलेज जीवन में पदार्पण करने पर विद्यार्थियों में बहुत बदलाव आते हैं जो उन्हें परिपक्वता की ओर ले जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत तथा समय का सदुपयोग करें और माता-पिता, गुरुजनों व संस्थान का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा वे भाग्यशाली हैं कि उन्हें गृह विज्ञान शिक्षा के देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में शामिल इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है जिसका उन्हें पूरा लाभ उठाना चाहिए।

इससे पूर्व गृह विज्ञान महाविद्यालय की डीन डॉ. मंजु महता ने नवागंतुक छात्राओं का विश्वविद्यालय में पदार्पण करने पर स्वागत किया। उन्होंने गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा हाल ही में अर्जित की गई उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में छात्राओं ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, ग्रुप सॉन्ग, हरियाणवी डांस, पंजाबी डांस, रैंप वॉक आदि मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और प्रथम वर्ष की छात्राओं का प्रदर्शन देखते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 06.08.2022 | --- | --- |

# सांस्कृतिक संध्या में छात्राओं ने बांधा समां

## विद्यार्थी सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी लें भाग : वीसी





चिराग टाइम्स न्यूज़

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या 'फेमिनिन फ्यूजन' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेषरूप से गृह विज्ञान महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा 2021-22 सत्र की नवागंतुक छात्राओं के स्वागत में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया और दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी।

इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को अपने सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा स्कूली जीवन से कालेज जीवन में पदार्पण करने पर विद्यार्थियों में बहुत बदलाव आते हैं जो उन्हें परिपक्वता की ओर ले जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत तथा समय का सदुपयोग करें और माता-पिता, गुरुओं व संस्थान का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा वे भाग्यशाली हैं कि उन्हें गृह विज्ञान शिक्षा में देश के अग्रणी शिक्षा संस्थानों में शामिल इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है जिसका उन्हें पूरा लाभ उठाना चाहिए।

इससे पूर्व गृह विज्ञान महाविद्यालय की डीन डॉ. मंजु मेहता ने नवागंतुक छात्राओं का विश्वविद्यालय में पदार्पण करने पर स्वागत किया। उन्होंने गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा हाल ही में अर्जित की गई उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, ग्रुप सोंग, राजस्थानी डांस, पंजाबी डांस, रैंप वॉक आदि मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और प्रथम वर्ष की छात्राओं का प्रदर्शन देखते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज | 8.8.2022 | -- | -- |

# हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बने प्रदेशवासी: डिप्टी स्पीकर रणवीर गंगवा

प्रवीन कुमार

हिसार। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने हरियाणा वासियों से हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनकर देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लहराने का आह्वान किया गया है जिसमें प्रत्येक प्रदेशवासी को सम्मानपूर्वक अपने घर पर तिरंगा लगाना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी यह जान सके कि देश को आजादी कितनी कुर्बानियों व कठिन प्रयासों से मिली है। इससे उन्हें तिरंगे की आन-बान-शान बनाए रखने का संदेश मिलेगा।

श्री गंगवा आज यहां चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। वह विश्वविद्यालय में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बने और उन्होंने विश्वविद्यालय के [illegible] महिला छात्रावास के परिसर में पौधारोपण भी किया।

उन्होंने इस अवसर पर लोगों से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की भी अपील की। उन्होंने कहा पेड़ों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इनसे हमें केवल ऑक्सीजन ही नहीं मिलती अपितु यह ईंधन व भवनों के लिए लकड़ी उपलब्ध कराने के साथ भूमि की गुणवत्ता को सुधारने व वर्षा करने में भी बहुत सहायक हैं। पेड़ों का महत्व हमें कोरोना काल में विशेष रूप से देखने को मिला जब लोग ऑक्सीजन के लिए पार्कों आदि में पेड़ों के पास जाकर योग प्राणायाम कर रहे थे।



मुख्यातिथि श्री रणबीर गंगवा विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होते हुए। आज समाज

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। उन्होंने कहा बुद्धिजीवियों को प्रत्येक मुहिम चाहे वह पौधारोपण हो या हर घर तिरंगा, में समाज का नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा 13 अगस्त को प्रदेशभर में आयोजित होने वाली तिरंगा रैली में यह विश्वविद्यालय बढ़ चढ़कर भाग लेगा। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर सहित इसके सभी बाहरी केन्द्रों से शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा हर घर तिरंगा अभियान के पीछे का विचार लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूक करना और लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना है। उन्होंने कहा हमारा राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, प्रगति और शांति का प्रतीक है। उन्होंने विशेषकर युवाओं से आह्वान किया कि वे तिरंगे के इतिहास को जानें कि कितनी कुर्बानियों व कठिन प्रयासों के बाद हमें अपना राष्ट्रीय ध्वज लहराने का अवसर मिला है। उन्हें अपने पूर्वजों की कुर्बानियों को याद रखते हुए तिरंगे की गरिमा को बनाए रखना चाहिए।

कुलपति ने पौधारोपण के संबंध में बोलते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने भवनों और लैंडस्केप के लिए विशिष्ट पहचान रखता है। इसको बनाए रखने के लिए पूरा ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा पेड़ लगाना और उनकी सेवा करना वास्तव में समाज व देश की सेवा करने के समान है। इसलिए प्रत्येक देशवासी को अवश्य पेड़ लगाना चाहिए और उनकी पूरी देखभाल करनी चाहिए।

इससे पूर्व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने अतिथियों का स्वागत किया और सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संजय एलावादी ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।